मंगलवार
02 अप्रैल 2024



पृष्ठ 4
गर्मियों में महिलाओं को एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए और क्यों?



पृष्ठ 5
टाइगर 3 के बाद फिर विलेन बनेंगे इमरान हाशमी



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 65
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

समय और बुद्धि बड़े से बड़े शोक को भी कम कर देते हैं।
—कहावत

# दूनवैलीमेल

आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# मोदी की हुंकारः फिर एक बार मोदी सरकार

## ●देश में आग लगने की बात करने वालों को चुन-चुन कर करो बाहर





**●कांग्रेस पर लगाया तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप**
**●10 साल का विकास सिर्फ ट्रेलर, काम अभी बाकी**
**●24 घंटे मुफ्त बिजली देने की योजना समझाई**

विशेष संवाददाता

रुद्रपुर। उत्तराखंड में अपने चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निशाने पर कांग्रेस ही रही उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लोकतंत्र में कोई भरोसा नहीं रह गया है इसलिए कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि अगर देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो देश में आग लग जाएगी।

रुद्रपुर के मोदी मैदान से एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की यह कौन सी भाषा है जो देश में आग लगने की बात कह रहे हैं क्या यह भाषा संवैधानिक है उन्होंने लोगों से सवाल किया कि क्या आपको देश में आग लगना ठीक लग रहा है अगर नहीं तो इस बार कांग्रेस को चुन चुन कर साफ करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में तो कुछ किया नहीं अब हम अगर शरणार्थियों को उनका हक और नागरिकता दिलाने के लिए सीएए ला रहे हैं तो वह इसका विरोध कर रहे हैं वह नहीं चाहते कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल से आये शरणार्थियों को जीने का अधिकार मिले।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनका इंडी गठबंधन ◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# धोखाधड़ी मामले में 15 वर्षो से फरार ईनामी गिरफ्तार

**❑आरोपी को 2022 में किया जा चुका है मृत घोषित**



हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। लाखों की धोखाधड़ी मामले में 15 वर्षो से फरार दो हजार के ईनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इतना शातिर है कि उसको 2022 में मृत घोषित किया जा चुका है।

जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल 2008 में गांधी चौक निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पिथौरागढ़ में तहरीर देकर बताया गया था कि दिनेश चन्द्र पुनेठा पुत्र जीवन चन्द्र पुनेठा निवासी पुनेड़ीमहर कोतवाली पिथौरागढ़ द्वारा उनके साथ 2 लाख 75 हजार रूपये की धोखाधड़ी की है। जिस पर कोतवाली पिथौरागढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी फरार चल रहा था जिस पर सन 2009 को पिथौरागढ़ पुलिस द्वारा 2 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। साथ ही न्यायालय द्वारा आरोपी को मफरूर घोषित किया गया था।

पिथौरागढ़ पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु बार-बार सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गयी परन्तु आरोपी फरार था। जिसके बाद आरोपी को 10 मार्च 2022 को न्यायालय के आदेश से मृतक घोषित किया गया था जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी बन चुका था।

वर्तमान में मफरूर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाया जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा आरोपी दिनेश चन्द्र पुनेठा को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## आप सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत


नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने उन्हें जमानत दी है। वह दिल्ली शराब नीति से संबंधित घोटाला केस में 6 महीने से जेल में थे। कोर्ट के फैसले के मुताबिक, संजय सिंह राजनीतिक गतिविधियों में भी हिस्सा ले सकेंगे। बेंच ने



ईडी से पूछा था कि आखिर संजय सिंह को अब भी जेल में रखने की जरूरत क्यों है? कोर्ट को संजय सिंह के वकील ने बताया था कि मनी लॉन्ड्रिंग की पुष्टि नहीं हुई है और मनी ट्रेल का भी पता नहीं चला है। इसके बावजूद संजय सिंह 6 महीने से जेल में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया, संजय सिंह अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं। कोर्ट ने कहा, हम रिकॉर्ड करते हैं कि रियायत उनके तर्क शुरू करने से पहले ही दी गई थी। इस पर ईडी की तरफ से पेश हुए एडिशन सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि मेरे पास बहस योग्य मामला है लेकिन हम रियायत दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की दलील पर कहा, एएसजी का कहना है कि पीएमएलए की धारा 3 और 4 के तहत ईसीआईआर के तहत होने वाली कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान संजय सिंह को जमानत पर रिहा किए जाने के मामले में ईडी को कोई आपत्ति नहीं है? इसके साथ ही कोर्ट ने कहा, हम वर्तमान अपील स्वीकार करते हैं और संजय सिंह को सुनवाई के दौरान जमानत पर रिहा करने का निर्देश देते हैं।

# भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव व बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को भ्रामक विज्ञापन मामले में अनुपालन के उचित हलफनामे दाखिल नहीं करने पर कड़ी फटकार लगाई। योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण उस कारण बताओ नोटिस के सिलसिले में उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को पेश हुए जिसमें पूछा गया था कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ अदालत की अवमानना के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस



अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की दो सदस्यीय बेंच ने मंगलवार को सुनवाई की। इन दोनों की तरफ से पेश वकील बलबीर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हलफनामा दाखिल कर दिया गया है। इस पर बेंच ने पूछा कि रामदेव का हलफनामा कहां है? सुप्रीम कोर्ट ने फिर पूछा कि क्या दोनों लोग पेश हो गए हैं। इस पर उनके वकील ने बताया कि दोनों लोग कोर्ट में मौजूद हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इनको दो हलफनामे दाखिल करने चाहिए थे, लेकिन एक ही किया गया है, दूसरा दाखिल नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हमने पहले कंपनी और एमडी को जवाब दाखिल करने को कहा था, जब जवाब नहीं दाखिल किया गया तब अवमानना नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और स्वामी बालकृष्ण की तरफ खेद जानते को लेकर नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने कहा, अदालत के आदेशों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। आपकी ओर से आश्वासन दिया गया और उसके बाद उल्लंघन किया गया। यह देश की सबसे बड़ी अदालत की तौहीन है और अब आप माफी मांग रहे हैं। यह हमें स्वीकार नहीं है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# लोकतंत्र का तमाशा न बनाएं

वर्तमान लोकसभा चुनाव के दौरान देश की संवैधानिक और स्वायत्तधारी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा लगाया जाना भले ही कोई नई बात न सही लेकिन इसे लेकर अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन के साथ बांग्लादेश जैसे देशों से इस मुद्दे पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही है वह अत्यंत ही चिंताजनक और सोचनीय बात है। बात चाहे मुख्यमंत्री की गिरफ्तारियों की हो या फिर ईडी और सीबीआई द्वारा की जाने वाली छापेमारियों की अथवा आयकर विभाग की उस कार्यवाही की जिसके तहत कांग्रेस के खातों से 135 करोड रुपए जप्त किए गए हैं और उसे 3567 करोड़ की बकाया वसूली के नोटिस थमाये जाने की अथवा निर्वाचन आयोग में आयुक्तों की नियुक्तियों पर उठने वाले सवालों की। जिन्हें लेकर देश के लोकतंत्र और उसकी व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाये जा रहे हैं। यह मामूली बात नहीं है क्योंकि इस देश को विश्व के सबसे पुराने और मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश के रूप में जाना जाता है। देश की सरकार और विपक्षी दलों के नेताओं को इस बात पर गंभीरता से चिंतन करने की जरूरत है कि आखिर यह नौबत आई तो आई क्यों? अगर सत्ता में बैठे लोग इन संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं तो उन्हें अपना रवैया बदलने की जरूरत है। जिससे देश के लोकतंत्र की छवि को खराब होने से बचाया जा सके। आज देश के राजनीतिक हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि सरकार के हर छोटे-बड़े फैसले को लेकर विपक्ष सुप्रीम कोर्ट तक दौड़ रहा है। हास्यपद बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी अब तक तमाम फैसलों को गलत और असंवैधानिक ठहराया जा रहा है। एक दिन पहले कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली के दौरान कहा था कि अगर आयकर विभाग को कांग्रेस से बकाया की वसूली ही करनी थी तो वह इस चुनाव से 6 माह पहले या 6 माह बाद भी कर सकती थी। अगर विपक्ष के नेताओं ने कुछ घोटाले किए हैं तो उनकी गिरफ्तारी पहले क्यों नहीं की गई चुनाव के दौरान ही क्यों यह सब किया जा रहा है। नेताओं को जेल में डालकर या फिर कांग्रेस के खिलाफ 10-15 साल पहले के किसी कर बकाया को लेकर उसके बैंक खाते सीज किये जा रहे हैं तो इसकी क्या मंशा है विपक्ष चुनाव ही न लड़ सके। विपक्ष के पास बहुत सारे उदाहरण है कि सत्ता पक्ष में बैठे नेताओं पर अनेक भ्रष्टाचार के मामले हैं लेकिन उनके खिलाफ न ईडी न सीबीआई न आईडी और न चुनाव आयोग कोई कार्यवाही करना चाहता है। सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचने के बाद अब आयकर द्वारा कांग्रेस से 3500 करोड़ से अधिक की वसूली को फिलहाल रोक दिया गया है। सवाल यह है कि आयकर विभाग की इस कार्यवाही के कारण ही कांग्रेस को एक मुद्दा क्यों दिया गया कि वह आयकर विभाग पर सरकार के इशारे पर इस मंशा से काम करने का कि कांग्रेस चुनाव ही न लड़ सके। आज के डिजिटल दौर में आप किसी सूचना को नहीं छुपा सकते हैं न प्रचारित प्रसारित होने से रोक सकते हैं। कोई भी सरकार और संवैधानिक संस्था क्या कर रही है और क्यों कर रही है इसके सच को अब कोई छुपा नहीं सकता। इस दौर की राजनीति में जो हो रहा है उसका सच पूरा देश ही नहीं विश्व भी जान समझ रहा है। अच्छा हो कि देश के नेता इस महान देश के लोकतंत्र का अब और तमाशा न बनाएं।

# लोकसभा चुनावः पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च !

संवाददाता

देहरादून। लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के द्वारा मिश्रित आबादी तथा सवेंदनशील क्षेत्रों पर फ्लैग मार्च कर अराजक तत्वों को कड़ा संदेश दिया, साथ ही आम जन से चुनावों में निर्भीक व निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

आज यहां आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा लोक सभा निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराए जाने के सम्बन्ध मे सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। जिसके अनुपालन में



सुरक्षा एंव शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत आम जनता मे सुरक्षा एवं विश्वास बनाये रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक डालनवाला राकेश गुसांई के नेतृत्व में कोतवाली डालनवाला पुलिस द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स एसएसबी के साथ थाना डालनवाला क्षेत्रान्तर्गत प्रथम पाली में डीएवी कॉलेज से डीएल रोड, अंबेडकर कॉलोनी, नालापानी से होते हुए राजपुर रोड से ओल्ड सर्वे रोड तक तथा पुन: डीएल रोड, वाल्मिकी बस्ती से ओल्ड डालनवाला होते हुए थाना डालनवाला तक मिश्रित आबादी तथा सवेंदनशील क्षेत्रों पर फ्लैग मार्च कर अराजक तत्वों को कड़ा संदेश दिया, साथ ही आम जन से चुनावों में निर्भीक व निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

# कांग्रेस के सात सवालों के जवाब प्रधानमंत्री देंगे या नहींः गोगी

संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सात सवालों का उत्तर चाहती है और वह इन सवालों के जवाब देंगे या नहीं।

आज यहां चुनाव प्रचार हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड आगमन पर कांग्रेस ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी से कुछ सवाल किए हैं। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि हम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत करते हैं। स्वागत की औपचारिकता के अतिरिक्त वह प्रधानमंत्री से कुछ प्रश्न करना चाहते हैं जो वास्तव में उत्तराखंड की जनता के प्रश्न हैं। उत्तराखंड की जनता को आशा है कि इन ज्वलंत मुद्दों पर वे अपने मन की बात अवश्य साझा करेंगे। उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को



न्याय कब मिलेगा। अंकिता हत्याकांड में शामिल वीआईपी नेता कौन है। हमारी आस्था के केंद्र बाबा केदारनाथ धाम में पहले तो सोना लगाने के नाम पर दीवारों के पौराणिक स्वरूप से छेड़छाड़ की गई। इसके बाद जो 230 किलो सोना लगाने का दावा किया गया था वह कैसे गायब हो गया। इस गायब सोने का दोषी कौन है। उत्तराखंड में पेपर लीक और भर्ती घोटालों का दोषी कौन है। पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हमारे युवाओं पर बर्बर लाठीचार्ज करने के दोषियों पर क्या कार्रवाई हुई। सैनिक बाहुल्य क्षेत्र उत्तराखंड में युवाओं के भविष्य के साथ अग्निवीर योजना के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का दोषी कौन है। एनसीआरबी के अनुसार महिला अपराध में पहाड़ी राज्यों में उत्तराखंड नंबर वन है। बहुत से अपराध ों में भाजपा के अपने नेता-पदाधिकारी भी सम्मिलित रहे हैं। ऐसे घिनौने कृत्यों और सरकार की विफलता का जम्मेदार कौन है। उत्तराखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भू कानून की अनदेखी कर भूमाफिया, शराब माफिया, और खनन माफिया को संरक्षण देने का दोषी कौन है। प्रधानमंत्री अन्य पर्वतीय राज्यों की भांति उत्तराखंड में भी एक सशक्त भू कानून के पक्ष में हैं या विरोध में है। गोगी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता प्रधानमंत्री के उत्तर की प्रतिक्षा में हैं आशा है वे जनता को निराश नहीं करेंगे।

# पांच हजार रुपये का ईनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। लम्बे समय से फरार चल रहे पांच हजार के ईनामी गैंगस्टर को थाना श्यामपुर व कोतवाली नगर पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर उसे राजधानी देहरादून से गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज एक सूचना के बाद श्यामपुर पुलिस व कोतवाली नगर पुलिस की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए 5000 रूपये के ईनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त अपराधी की गिरफ्तारी थाना श्यामपुर पर पंजीकृत मुकदमा गैंगस्टर एक्ट के विवेचक प्रभारी निरीक्षक कुन्दन सिह राणा ,कोतवाली नगर हरिद्वार द्वारा मुकदमें से सम्बन्धित गैंग लीडर शराफत अली पुत्र फईम अली निवासी कुंजाग्रान्ट विकासनगर की त्वरित गिरफ्तारी हेतु थाना श्यामपुर को नियमानुसार गिरफ्तारी अधिपत्र निर्गत किया गया। जिस पर मुकदमे से सम्बन्धित ईनामी आरोपी शराफत अली को थाना श्यामपुर पुलिस व कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के बाद जनपद देहरादून से गिरफ्तार किया गया है।

# घंटाघर में सीवर के पानी की बदबू से बुरा हाल, जनता हुई बदहाल



संवाददाता

देहरादून। स्मार्ट सिटी के नाम पर दून का हाल बदहाल हो गया। घंटाघर पर सीवर के पानी की बदबू से स्थानीय लोगों का जीना दुश्वार हो गया लेकिन किसी भी अधिकारी ने अभी तक इसका संज्ञान तक नहीं लिया।

यहां वैसे तो सरकार पूरे देहरादून सिटी को स्मार्ट सिटी बना कर सावरने का कार्य कर रही है परन्तु जगह जगह लीकेज सीवर स्मार्ट सिटी को मुँह चिड़ा रहे है। अब सिटी का दिल घंटाघर भी इस सब से अछूता नहीं रहा। पिछले 10/15 दिनों से यहां पर सीवर लाइन चॉक होकर सड़क में बह रही है और जनता आपना मुँह ढक कर निकलने को विवश है क्या ऐसे सुन्दर सिटी स्मार्ट सिटी बनेगा।

आखिर जिम्मेदार कब जागेंगे यह कहना है कुटुंब परिवार संगठन के प्रदेश माह मंत्री कुलदीप सिंह ललकार का उन्होंने कहाँ की हर कोई देहरादून के घंटाघर को निहारने आता है और इसकी तस्वीर को आपने पास रखता है। वहीं बह रहा सीवर का पानी ना केवल स्मार्ट सिटी की छवि अपितु देहरादून के दिल घंटाघर को बदरंग बनाता है। कुटुंब परिवार संगठन शासन व प्रशासन से ये मांग करता है की तुरंत इसका सज्ञान लें कर इसे सही किया जाये।

# प्रधानमंत्री की सभा का विरोध करने पहुंची महिला कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार

संवाददाता

रूद्रपुर। आज यहां रुद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा का विरोध करने जा रही उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला और वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा सहित महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को अभी तक न्याय न मिल पाने से प्रधानमंत्री मोदी का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराना चाहती हैं। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार उत्तराखंड आए, लेकिन उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को अभी तक न्याय नहीं दिला पाए और ना ही उन्होंने इस तरफ ध्यान दिया। आज




प्रधानमंत्री के रुद्रपुर आगमन से पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला और वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा सहित महानगर अध्यक्ष मोनिका ढाली जैसे ही अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर डीडी चौक पहुंची,वहां तैनात पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला की पुलिस से काफी नोक झोंक भी हुई। यहां प्रदेश अध्यक्ष रौतेला,मीना शर्मा,और मोनिका ढाली ने प्रधानमंत्री गो बैक के नारे भी लगाए।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने स्कूटी की डिग्गी से 240 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम सागर नेगी पुत्र इन्द्र सिंह निवासी किमाडी बताया। वहीं राजपुर थाना पुलिस ने कांठ बंगला पुल के पास से 144 पव्वे शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम हरिनेक पुत्र अनिल कुमार निवासी गब्बर बस्ती राजपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मारपीट में पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घंघोडा निवासी अमर सिंह ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाले संत सिंह व उसकी पत्नी उसके घर में आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब आसपास के लोग वहां पर आये तो वह लोग उसको जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## खाते से ऑनलाईन पांच लाख रुपये निकालने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। खाते से ऑनलाईन पांच लाख रूपये निकालने पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ओल्ड डालनवाला निवासी पवन शर्मा ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी पारूल के खाते से किसी ने यूपीआई व आईएमपीएस के माध्यम से पांच लाख 12 हजार रूपये निकाल लिये हैं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## विवाहिता बेटी के साथ गायब, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। विवाहिता अपनी सात साल की बेटी के साथ घर से निकली लेकिन वापस नहीं आयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महादेव कालोनी निवासी सोनू कुमार ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी अपनी सात साल की बेटी के साथ दो फरवरी को घर से निकली थी लेकिन अभी तक वह वापस नहीं आयी और ना ही उसका कुछ पता चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी।

## चीन ने पाकिस्तान में बंद किए 3 प्रोजेक्ट !

कराची। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हाल ही में हुए आत्मघाती हमले ने देश में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को हिला कर रख दिया है। पाकिस्तान के एक सुरक्षा विश्लेषक का कहना है कि रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कुछ लोग सुरक्षा चिंताओं के कारण देश छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तान की सरकार ने अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का बार-बार वादा किया है, लेकिन विश्लेषक ने कहा कि हालिया घटना ने विश्वास को जड़ से हिला दिया है।

डॉन में पाकिस्तानी सुरक्षा विश्लेषक मुहम्मद अमीर राणा लिखते हैं, चीनी सोशल मीडिया में इस पर काफी चर्चा हो रही है। लोग पाकिस्तान में रह रहे चीन के नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिए सख्त सुरक्षा उपायों की मांग कर रहे हैं। डॉन समाचार पत्र में रविवार को प्रकाशित एक लेख में मुहम्मद आमिर राणा ने लिखा कि चीनी इंजीनियरों के वाहन पर पिछले मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में पांच चीनी नागरिकों के मारे जाने के परिणामस्वरूप चीन की कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण पनबिजली परियोजनाओं डासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तरबेला एक्सटेंशन पर काम रोक दिया है। उल्लेखनीय है कि 60 अरब अमेरिकी डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तत्वावधान में जारी परियोजनाओं में हजारों चीनी कर्मी पाकिस्तान में काम कर रहे हैं।

# अगर आप लेते हैं फ्रिज के ठंडे पानी का आनंद तो जरूर जान ले इसके नुकसान



अक्सर गर्मियां आते ही सभी फ्रिज का ठंडा पानी पीना शुरू कर देते हैं। शायद आप नहीं जानते होंगे कि ये पानी हमारी बॉडी कितना नुकसान पहुंचाता है। अगर आप भी गर्मी में गले की प्यास बुझाने के लिए आप भी फ्रिज की ओर दौड़ते है और फ्रिज में रखा चिल्ड वाटर पीते हैं, तो पहले ये जान लीजिए कि फ्रिज में रखा ठंडा पानी पीने से कौन से नुकसान हो सकते हैं -

-फ्रिज का पानी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसा माना जाता है कि फ्रिज का ठंडा पानी पीने से आंत सिकुड़ जाती है, जिस कारण खाना सही प्रकार से नहीं पचता है। खाना नहीं पचने के कारण कब्ज जैसी समस्या हो सकती है। ठंडे पानी से शारीरिक तंत्रों में सिकुड़न एक आम समस्या है। लेकिन कोशिकाओं में बार-बार सिकुड़न हो, तो इसका असर शरीर के मेटाबॉलिज्म पर पड़ता है, जिससे दिल की धड़कनें प्रभावित हो सकती हैं।

-फ्रिज का पानी पीने से गला खराब होने की संभावना अधिक होती है। रोजाना अगर आप इस आदत को जारी रखेंगे तो टॉन्सिल्स गले, फेफड़े और पाचन तंत्र के रोग होना बेहद आम बात है।

-इस पानी को पीने से लंबे समय का कब्ज हो सकता है, जिससे आपका पूरा तंत्र गड़बड़ा जाता है और कई अन्य बीमारियां जन्म ले लेती हैं। आयुर्वेद में कब्ज को सारी बीमारियों की जड़ कहा गया है।

-अत्यधिक ठंडा पानी पीने से शरीर की कोशिकाएं सिकुड़ जाती हैं और ठीक तरीके से काम नहीं कर पाती। इसका असर आपके मेटाबॉलिज्म और सेहत पर सीधा पड़ता है। यह आपकी धड़कनों को कम भी कर सकता है।

-फ्रिज का ठंडा पानी पीने से हमारे शरीर का तापमान अचानक गिर जाता है और सामान्य से नीचे आ जाता हैं। ऐसा होने से हमारा शरीर थका हुआ महसूस करता है और हमारे शरीर को अधिक ऊर्जा की जरूरत होती हैं। ठंडा पानी पाचन प्रक्रिया को धीमा कर शरीर को पोषक तत्वों को सोखने नहीं देता और शरीर को आवश्यक ऊर्जा नहीं मिल पाती, हमारे शरीर में कमज़ोरी आ जाती हैं।(आरएनएस)

# गर्मियों में आ रहा खूब बदबूदार पसीना, इससे बचने के लिए करें ये खास उपाय, जल्द मिलेगा आराम



गर्मियां आते ही पसीने की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में कुछ लोगों का पसीना बदबूदार होता है, जिससे वह लोगों के पास जाने और उनसे बात करने से कतराते हैं। अक्सर पसीना आने के कई कारण होते हैं जैसे अधिक गर्मी, मेहनत करना, भागा दौड़ी वाला काम, कड़ी धूप में चलना, खराब खानपान की वजह से भी ऐसा होता है। पसीना आने से इंसान का चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है और वह किसी से भी ठीक से बात नहीं करता है। आज इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे उपाय के बारे में जिनको कर आप बदबूदार पसीने से छुटकारा पा सकते हैं।

पसीना आना एक आम समस्या है, जो हर किसी में देखी जाती है। लेकिन जब पसीना बदबू पहुंचने लगे तो शर्मिंदगी महसूस होती है। आईए जानते हैं कुछ खास ट्रिक के बारे में जिनकी मदद से आप पसीने की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं। सबसे पहले गर्मियों में आपको दिन में कम से कम दो बार नहाना होगा, नियमित रूप से शेविंग करनी चाहिए। तनाव ज्यादा करने से भी पसीने की बदबू बढ़ जाती है। बदबू से बचने के लिए आपको पानी अधिक मात्रा में पीना चाहिए। नहाने के पानी में नींबू का रस मिलाकर उसमें बेकिंग सोडा एलोवेरा जूस और चंदन भी मिलाएं। इस ट्रिक को अपनाकर आप पसीने की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं। कई बार दवाई गोली का ज्यादा सेवन करने से भी पसीने की बदबू आती है। इससे बचाव के लिए अगर आप दिन में कम से कम दो बार नहाते हैं, तो आपके शरीर से सारे बैक्टीरिया और अशुद्धता साफ होती है। इसके अलावा स्वस्थ और संतुलित आहार खाएं, साफ सफाई का ध्यान रखें, कपड़ों को रोजाना धोएं, साथ ही पानी का सेवन अधिक करें।

# लाल मिर्च के है बेमिसाल फायदे



लाल मिर्च सिर्फ आपके भोजन में तीखा स्वाद ही नहीं लाती बल्कि यह सेहत से जुड़ी कुछ आपातकालीन स्थितियों में भी बेहद प्रभावकारी है। लाल मिर्च के यह बेमिसाल फायदे, आपके कभी भी काम आ सकते हैं, जरूर जानिए -

लाल मिर्च का एक बड़ा फायदा यह है कि त्वचा पर कोई चोट, घाव या फिर अन्य कारण से खून का बहना नहीं रुक रहा हो, तो बस एक चुटकी लाल मिर्च लगाने से खून बहना बंद हो जाता है। लाल मिर्च के हीलिंग पावर के कारण ऐसा होता है। हालांकि ऐसा करने पर आपको जलन या तकलीफ हो सकती है, लेकिन बहते खून को रोकने के लिए यह एक अच्छा विकल्प है।

शरीर के अंदरुनी हिस्से में चोट, आघात या रक्त का बहाव होने पर लाल मिर्च का प्रयोग किया जा सकता है। जरा-सी लाल मिर्च को पानी में घोलकर पीने पर यह काफी फायदेमंद साबित होगा। गर्दन की अकड़न में भी यह फायदेमंद है।

मांसपेशियों में सूजन, किसी प्रकार की जलन, कमर या पीठ दर्द या फिर शरीर के किसी भी भाग में होने वाला दर्द लाल मिर्च के प्रयोग से ठीक किया जा सकता है। इसमें मौजूद विटामिन सी, फ्लेवेनॉइड्स, पोटेशियम और मैंगनीज लाभदायक है।

अगर आपकी नाक बंद हो गई है या फिर सर्दी के कारण नाक अधिक बह रही है, तो लाल मिर्च आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। जरा सी लाल मिर्च पानी के साथ घोलकर पीने से आपकी बंद नाक खुल सकती है और बहती नाक भी बंद हो सकती है।

पिसी हुई लाल मिर्च का रक्तवाहियों में रक्त के थक्के बनने से रोकाता है और सेवन हार्ट अटैक की संभावना को कम करता है। इसके अलावा अवांछित तत्वों को बाहर निकालने के साथ ही आंतों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाता है।

# यदि ट्रंप जीते तो गाजा की स्थिति क्या होगी

जोश रोजिन

पूरी दुनिया में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि अगर डॉनल्ड ट्रंप को दूसरा कार्यकाल मिल जाता है तो उनकी विदेश नीति कैसी होगी, खासकर इजरायल-फिलीस्तीन को लेकर। पूर्व राष्ट्रपति के निकटवर्ती सलाहकारों और पारिवारिक सदस्यों के कुछ उद्गार इसके संकेत देते हैं। पूर्व राष्ट्रपति के दामाद और मध्य पूर्व मामलों में उनके सलाहकार रहे जेरेड कुशनर की इजरायल-गाजा संघर्ष पर हालिया टिप्पणियों से काफी विवाद की स्थिति बन गई है। कुशनर ने संकेत दिए हैं कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का मतलब उन इजरायलियों के प्रति अमरीकी समर्थन ज्यादा हो सकता है जो गाजा से फिलीस्तीनियों को निकालना चाहते हैं और क्षेत्र को खुद के लिए फिर से आबाद करना चाहते हैं। गाजा में इजरायल के युद्ध के बारे में ट्रंप ने अपनी कुछ विशेष योजना बना रखी है। उनके अनुसार ट्रंप चाहते हैं कि 'इजरायल उसे पराजित करे और वह भी जल्द।' उन्होंने उन डेमोक्रेट्स और यहूदियों की भी आलोचना की है जो सहजता से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का समर्थन नहीं करते हैं। कुशनर ने कहा है कि डॉनल्ड के दूसरे कार्यकाल में वह ट्रंप प्रशासन के लिए काम नहीं करेंगे। इसके बावजूद उनकी टिप्पणियों को नजरअंदाज करना असम्भव है।

ट्रंप के दामाद कुशनर का हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पिछले 15 फरवरी को दिए एक इंटरव्यू का वीडियो हाल में सामने आया है। इसमें कुशनर ने इजरायल-गाजा संकट के बारे में अपने विचारों में कई चौंकाने वाली बातें कही हैं। उन्होंने कहा है-'गाजा की तटवर्ती सम्पत्ति काफी मूल्यवान हो सकती है।' उन्होंने अफसोस जताते हुए यह भी कहा कि फिलीस्तीनियों ने संसाधनों को आर्थिक विकास से दूर करते हुए हथियारों और सुरंगों की ओर मोड़ दिया है। वहां ऐसी स्थिति थोड़ी दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन इजरायल के दृष्टिकोण से, मैं फिलीस्तीनियों को गाजा से बाहर ले जाने और फिर इसे साफ करने की पूरी कोशिश करूंगा। इस तरह की भाषा की अरब मीडिया में कड़ी आलोचना हुई। इसे गाजा की भूमि को इजरायल को देने के आह्वान के रूप में देखा गया। कुशनर ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि उनके शब्दों को संदर्भ से बाहर देखा गया। उन्होंने पोस्ट किया कि उनका मतलब यह था कि कि गाजा के लोगों को केवल अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने मुझसे कहा-'लोगों को स्थानांतरित करने के बारे में उनका आशय था कि, अगर इजरायल रफाह पर हमला करने जा रहा है, तो नागरिकों की सुरक्षा के लिए कुछ विकल्प हैं जिन पर उन्हें विचार करना चाहिए।%' निष्पक्षता से देखा जाए तो हार्वर्ड में दिए अपने साक्षात्कार में उन्होंने पहले कहा था कि अगर वह इजरायल के प्रभारी होते तो वह इजरायल के नेगवे (दक्षिणी इजरायल में स्थित संपन्न कृषि क्षेत्र) रेगिस्तान के अंदर फिलीस्तीनियों को रहने के लिए 'एक सुरक्षित क्षेत्र' बनाते।

उनका साक्षात्कार लेने वाले और हार्वर्ड केनेडी स्कूल के मिडिल ईस्ट के इनीशिएटिव के फैकल्टी डायरेक्टर तारेक मसूद ने उनसे सवाल किया कि क्या वे इजरायल के लिए काम करेंगे। कुशनर ने कहा-' मैं अभी अमरीका के मियामी बीच पर हूं। हालात पर नजर रख रहा हूं और सोच रहा हूं कि अगर मैं वहां होता तो क्या करता?' लेकिन तभी मसूद ने ध्यान दिलाया कि फिलीस्तीनी इस डर से गाजा नहीं छोड़ना चाहते हैं कि नेतन्याहू उन्हें कभी वापस नहीं लौटने देंगे, कुशनर ने कहा कि हो सकता है कि वे कभी लौट पाने में समर्थ न हो पाएं। यदि आप फिलीस्तीन के निर्माण के बारे में सोचते हैं तो वास्तव में यह कोई ऐतिहासिक फैसला नहीं था। फिलीस्तीन युद्ध की देन है। ऐसे में क्या वे एक अन्य युद्ध चाहते हैं? आमतौर पर, जब युद्ध होते हैं, तो ऐतिहासिक रूप से वक्त के साथ सीमाएं भी बदल जाती हैं। यह दृष्टिकोण कि गाजा की सीमाएं बदली जा सकती हैं और फिलीस्तीनी अपने घरों में लौटने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, प्रत्यक्षतः मौजूदा अमरीकी नीति के विपरीत है। अमरीका की मौजूदा नीति गाजा के लोगों को अपनी वर्तमान सीमाओं के तहत गाजा में रहने के अधिकार पर जोर देती है। इस दृष्टिकोण के पीछे मजबूत तर्क हैं। एक बात तो यह कि जबरन विस्थापन के कार्य में नरसंहार के आरोप लग सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजरायल के खिलाफ लाए एक केस में इंटरनेशनल कोर्ट ने भी ऐसा ही स्पष्ट किया है। कुशनर से जब बात की तो उन्होंने कहा कि वह सिर्फ ऐतिहासिक टिप्पणियों पर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लगता है कि सीरिया, यमन और कई अन्य स्थानों की तुलना में गाजा मामले में अलग मानक लागू किए जा रहे हैं। अमरीका में नवम्बर में चुनाव होने हैं। कुशनर अकस्मात ही दुनिया को ट्रंप टीम के कामकाज के उस तरीके का भी स्मरण करा रहे हैं जो रिपब्लिकन पार्टी पर हावी होता जा रहा है- खासकर विदेश नीति के मामले में।

यह सुनिश्चित करना अमरीका सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है और रणनीतिक हित भी कि गाजा में फिलीस्तीनी सुरक्षित तरीके से रह सकें। कुशनर के असावधानी से दिए बयान उस अराजकता और संवेदनहीनता का एक संभावित पूर्वावलोकन है जो ट्रंप प्रशासन के संभावित दूसरे कार्यकाल की विदेश नीति से जुड़े हो सकते हैं। और फिर चाहे कुशनर ट्रंप प्रशासन के हिस्सा हों या नहीं।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# गर्मियों में महिलाओं को एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए और क्यों?



इंसान के शरीर का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना हुआ है। इस बात से हम अंदाजा लगा सकते हैं कि एक इंसान की जिंदगी में पानी का क्या महत्व है। डॉक्टर्स भी सलाह देते हैं कि जितना हो सके पानी पीजिए। खासकर गर्मियों में तो खूब पानी पीजिए। क्योंकि गर्मियों में अक्सर लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं।

पानी पीने से शरीर को कई सारे फायदे मिलते हैं। कई रिसर्च साफतौर पर यह बात कहती है कि एक इंसान को हर रोज 3 लीटर पानी पीना चाहिए। पानी पीने से शरीर से जुड़ी समस्या दूर हो जाती है। आज हम बात करेंगे कि एक महिला को खासकर गर्मियों में कितना लीटर पानी पीना चाहिए?

खासकर भारतीय महिला पानी कम पीती हैं। जिसके कारण उन्हें गैस, एसिडिटी और कब्ज की शिकायत होती है। आज हम उन्हीं सब मुद्दों पर बात करेंगे। साथ ही बात करेंगे शरीर को एक्टिव और ठीक ढंग से काम करे इसके लिए पानी की क्या भूमिका है?

एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए?

कई रिसर्च में इस बात का खुलासा किया गया है कि एक वयस्क इंसान को रोजाना 2.7 लीटर पानी पीना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी शिकायते नहीं होती है। अगर वह ऐसा नहीं करेंगे तो डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं। एक दिन में कम से कम 7-8 ग्लास पानी पीना बेहद जरूरी है।

गर्मियों में एक दिन में महिला को पीना चाहिए इतना पानी

हालांकि हर इंसान के शरीर में पानी की जरूरत अलग-अलग हो सकती है। पोषण और आहार विज्ञान अकादमी के मुताबिक सेहतमंद महिलाओं को लगभग हर रोज 6 ग्लास पानी पीना चाहिए। वहीं पुरुषों को लगभग 7-8 गिलास पानी पीना चाहिए।

शरीर के हिसाब से पिएं पानी

एक इंसान को कितना पानी पीना चाहिए यह पूरी तरह से उसके शरीर और काम पर निर्भर करता है। अगर कोई व्यक्ति पूरे दिन धूप में काम कर रहा है तो उसके शरीर में पानी की खपत ज्यादा होगी। वहीं कोई व्यक्ति वर्क फ्रॉम होम या एसी में बैठकर काम करता है तो उसके शरीर में पानी खपत अलग होगी। इसलिए अपने शरीर के जरूरत के हिसाब से पानी पिएं। (आरएनएस)

# वसंत ऋतु में ऐसे करें स्किन की देखभाल

मौसम बदल रहा है। वसंत ऋतु का आगमन हो रहा है। ये ऋतु वातावरण में खूबसूरती को समेटे होती है। लेकिन मौसम परिवर्तन के साथ ही स्किन पर असर देखने को मिलता है। वसंत मे शुष्क हवा के साथ ही तापमान में भी बढ़ोतरी होने से त्वचा में जलन, खुरदरापन, फटने जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इसलिए इस समय त्वचा का खास खयाल रखने की जरूरत है।

इस मौसम में धीरे-धीरे करके तापमान की बढ़ोतरी होती है, ऐसे में त्वचा रूखी और काली होने लगती है। लेकिन अगर इसे सही तरीके से साफ करते हैं तो इससे छुटकारा पा सकते हैं। ओटमील में थोड़ा-सा दूध मिलाकर बने पेस्ट को चेहरे पर लगाकर 2-3 मिनट तक मसाज करें। फिर 10 मिनट बाद पानी से धो लें। गर्मियों की शुरुआत से पहले यदि आप इसका ध्यान रखें, तो ताकि आगे जाकर परेशानी न हों।

हफ्ते में एक बार स्क्रब

मौसम में होने वाले परिवर्तन से आपकी त्वचा को हानि हो सकती है। इस मौसम त्वचा पर डेड सेल्स जम जाते हैं। इसे निकलने के लिए हफ्ते में एक बार स्क्रब जरूर करें। डेड सेल्स को हटाने के लिए चीनी और कॉफी का स्क्रब प्रभावी है। स्किन ग्लोइंग हो जाएगी।

नमी को बरकरार रखें

त्वचा की नमी बनाए रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए आप ब्लैक टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह हमारे शरीर को हाइड्रेट करती है और त्वचा को मॉइस्चराइज करने में मदद करती है। इसलिए ब्लैक टी का सेवन जरूर करें। त्वचा पर चमत्कारी परिणाम मिलेंगे।

आहार में विटामिन सी

विटामिन सी हमारी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है। इसलिए विटामिन सी को अपने आहार में शामिल करें। आप संतरे, आंवला, नींबू, स्ट्रॉबेरी जैसे फलों का सेवन कर सकते हैं। इनमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की झाइयों को दूर करते हैं। साथ ही यह एंटी एजिंग की तरह काम करते हैं और त्वचा को साफ करते हैं। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -121

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्सबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |



# रकुल प्रीत सिंह ने स्टायलिश आउटफिट पहन गिराई बिजली

हाल ही में जैकी भगनानी के साथ शादी के बंधन में बंधीं रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी छाई हुई हैं। वह अक्सर अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका नया सिंपल लेकिन स्टाइलिश अंदाज देखने को मिल रहा है। इन तस्वीरों में रकुल प्रीत सिंह ब्लैक एंड व्हाइट कलर के स्टाइलिश आउटफिट में नजर आ रही हैं। उनके बाल खुले हुए हैं और उन्होंने लाइट मेकअप किया हुआ है। तस्वीरों में रकुल काफी रिलैक्स मूड में नजर आ रही हैं और उनका आत्मविश्वास साफ़ झलक रहा है।

शादी के बाद यह रकुल का नया लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। कुछ ही घंटों में उनकी इन तस्वीरों पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं। एक यूजर ने लिखा, शादी के बाद और भी ज्यादा खूबसूरत लग रही हो रकुल! वहीं दूसरे यूजर ने कमेंट किया, ये सिंपल और स्टाइलिश लुक कमाल का है रकुल।

बता दें कि रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर कर फैंस से जुड़ी रहती हैं। हाल ही में उन्होंने लकमे फैशन वीक के इवेंट में शिरकत की और रैंप वॉक किया।

# विभाजन के दर्द को बयां करेगी देवोलीना भट्टाचार्जी की फिल्म बंगाल 1947

विभाजन के भयानक वक्त का सिनेमाई चित्रण करने वाली फिल्म बंगाल 1947 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 29 मार्च को रिलीज होने वाली ये हिंदी फिल्म 1947 में भारत के विभाजन, खासकर बंगाल पर उसके असर को दर्शाएगी। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे विभाजन के उस वक्त प्यार का रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है। फिल्म में देवोलीना भट्टाचार्जी, सोहला कपूर, ओमकार दास मानिकपुरी, आदित्य लखिया और अंकुर अरमाम मुख्य भूमिकाओं में हैं। अकाशदीप लामा द्वारा निर्देशित इस फिल्म के निर्माता सतीश पांडे, रिषभ पांडे और अकाशदीप लामा हैं। ये फिल्म कॉन्फेड प्रोडक्शन्स और थिंक टैंक ग्लोबल फिल्म्स के बैनर तले बनी है।

देवोलीना भट्टाचार्जी, जो 'बंगाल 1947' के साथ अपनी फिल्म की डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, ने कहा, 'कई कारणों ने मुझे इस भूमिका की ओर आकर्षित किया। सबसे पहले, इसने मुझे निर्देशक आकाशदीप लामा के साथ फिर से जोड़ा, जिनके साथ मुझे अपने करियर की शुरुआत में उनके नाटक मोहनजोदड़ो में सहयोग करने का सौभाग्य मिला था। वह उस लिहाज से परिवार की तरह बन गए हैं। लेकिन हमारे जुड़ाव से परे, यह किरदार अपने आप में अविश्वसनीय रूप से मजबूत और सूक्ष्म है, जो एक अभिनेता के लिए वास्तविक आधार प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, मेरी स्वयं की बंगाली और असमिया विरासत ने मुझे फिल्म के विषयों के साथ गहराई से जुड़ने दिया।' विषय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, 'यह फिल्म विभाजन के भयावह अराजकता के बीच प्यार की स्थायी ताकत की खोज करते हुए एक दृश्य कृति होने का वादा करती है। जबकि दर्शकों ने विभाजन पर प्रेम कहानियां और ऐतिहासिक नाटक पहले भी देखे हैं, यह फिल्म एक पूरी तरह से अनूठा अनुभव देने का वादा करती है। यह विचारोत्तेजक और मनोरंजक दोनों है।' 'बंगाल 1947- एक अनकही प्रेम कहानी' कॉम्फेड प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड और थिंक टैंक ग्लोबल द्वारा निर्माण किया गया है, जिसका नेतृत्व निर्माता सतीश पांडे, आकाशदीप लामा और रिषभ पांडे द्वारा किया जाता है। वितरण प्लेटून डिस्ट्रीब्यूशन द्वारा किया गया है।

# टाइगर 3 के बाद फिर विलेन बनेंगे इमरान हाशमी



बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर इमरान हाशमी अपनी सीरियल किसर वाली इमेज के साथ इमरान ने खूब पॉपुलैरिटी बटोरी। कभी एक्टर बनने की चाह ना रखने वाले इमरान आज ना सिर्फ बॉलीवुड में छाए हैं बल्कि साउथ की फिल्मों में भी छाने वाले हैं।

इमरान हाशमी की आने वाली तेलुगु फिल्म दे कॉल हिम ओजी को हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में इमरान हाशमी विलेन का किरदार निभा सकते हैं। फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है।

इमरान हाशमी ने फिल्म दे कॉल हिम ओजी से अपना लुक शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, गंभीरा, सुना है तू बंबई आ रहा है। वादा करता हूं, हम दोनों में से किसी एक का सिर जरूर कटेगा। इसके साथ ही इमरान ने पवन कल्याण को टैग भी किया है क्योंकि फिल्म में पवन कल्याण लीड एक्टर हैं।

सुजीत के निर्देशन में बन रही फिल्म दे कॉल हिम ओजी में पवन कल्याण अहम रोल निभाते नजर आएंगे। वहीं इमरान हाशमी के लुक को देखकर लगता है कि वे इस फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आएंगे। फिल्म ओजी 27 सितंबर 2024 को रिलीज होगी और फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

बॉलीवुड में सीरियल किसर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले इमरान हाशमी ने पिछले कुछ सालों में अपनी इमेज बदली है। उनकी पिछली रिलीज फिल्म टाइगर 3 थी और उसमें भी उन्होंने विलेन का ही रोल प्ले किया था। इमरान के लुक और एक्टिंग की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब रही और लोगों ने उनके काम की तारीफ भी की।

इमरान हाशमी ने बॉलीवुड में मर्डर, मर्डर 2, हमारी अधूरी कहानी, राज- द मिस्ट्री, आवारापन, आशिक बनाया आपने, जन्नत, गैंगस्टर जैसी फिल्में की हैं। इमरान हाशमी की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ए वतन मेरे वतन है जो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर रही है।

# अमर सिंह चमकीला के किरदार में खूब जंचे दिलजीत दोसांझ



इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म अमर सिंह चमकीला पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। अब इम्तियाज ने अमर सिंह चमकीला का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे दर्शकों का प्यार मिल रहा है। चमकीला के किरदार में दिलजीत जंच रहे हैं। परिणीति फिल्म में चमकीला की पत्नी अमरजोत बनी हैं।

अमर सिंह चमकीला सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म को आप 12 अप्रैल से देख सकते हैं। इम्तियाज ने मोहित चौधरी के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण किया है। अमर सिंह चमकीला को पंजाब के अब तक के सबसे अच्छे लाइव स्टेज परफॉर्मर्स में से एक माना जाता है। वह गांव के दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय थे। चमकीला एक बेखौफ गायक थे, जो अपनी बातों को अपने गीतों के जरिए समाज के सामने परोसते थे।

8 मार्च, 1988 का दिन चमकीला के प्रशंसक कभी नहीं भूल सकते। 27 वर्षीय चमकीला अपनी पत्नी अमरजोत संग कार में जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे, लेकिन कार से बाहर निकलते ही दोनों को गोलियों से छलनी कर दिया गया।

# फिल्म टॉक्सिक में सुपरस्टार यश की बहन का किरदार निभाएंगी करीना कपूर





अभिनेता यश पिछले काफी समय से अपनी फिल्म टॉक्सिक को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान गीतू मोहनदास ने संभाली है। अफवाहों का बाजार गर्म है कि यश के साथ टॉक्सिक में करीना कपूर काम करती नजर आ सकती हैं। हालांकि, कुछ दिन पहले करीना की टीम ने इन खबरों को अफवाह बताया था। नई खबर के अनुसार, करीना टॉक्सिक में यश की बहन का किरदार निभाएंगी।

टॉक्सिक में यश की बहन का किरदार निभाने के लिए करीना से संपर्क किया गया है। अभिनेत्री और निर्माताओं के बीच बातचीत जारी है। अगर ऐसा होता है तो यह यश और करीना के बीच पहला सहयोग होगा। विकास से जुड़े एक सूत्र ने कहा, फिल्म की कहानी भाई-बहन के रिश्ते के ईद-गिर्द घूमेगी, जिसके लिए यश के साथ करीना नजर आएंगी। निर्देशक फिल्म की शुरुआत से ही करीना को टॉक्सिक में लेने के इच्छुक थे। बातचीत चल रही थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, टॉक्सिक में यश का एकदम नया अवतार देखने को मिलेगा। यह फिल्म एक्शन से भरपूर होगी। ऐसी चर्चा है कि यश और करीना के अलावा इस फिल्म में श्रुति हासन, साई पल्लवी और शाहरुख खान जैसे दिग्गज सितारे भी नजर आएंगे। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बता दें, फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि टॉक्सिक 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। (आरएनएस)

# मैं हूं मोदी का परिवार: विपक्ष का विरोध हास्यास्पद

अवधेश कुमार

मैं हूं मोदी का परिवार टैगलाइन 2०24 के चुनाव का एक प्रमुख नारा बन गया है। यह वैसे ही है जैसे 2०19 लोक सभा चुनाव में 'मैं हूं चौकीदार' एक बड़ा नारा बना और सर्वे बताते हैं कि उसका असर चुनाव पर हुआ।

आम धारणा यही है कि 'मैं हूं मोदी का परिवार' 2०24 लोक सभा चुनाव में मतदाताओं के मतदान करने की प्रक्रिया निर्धारित करने का एक कारक बन सकता है।

3 मार्च को बिहार की राजधानी पटना में गठबंधन की रैली में लालू प्रसाद यादव जी ने कल्पना नहीं की होगी कि वह जो कुछ बोल रहे हैं उसकी ऐसी प्रतिक्रिया हो सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिवारवाद पर हमला करने का अपने तरीके से जवाब ही दिया था। उसमें यह पूछने की क्या आवश्यकता थी कि मोदी बताएं कि उनका कोई परिवार क्यों नहीं है, संतान क्यों नहीं है? वह यहां तक चले गए कि कह दिया कि मोदी हिंदू भी नहीं हैं।

माता-पिता की मृत्यु पर उनके बच्चे अपने बाल दाढ़ी सब साफ करवाते हैं, जबकि उन्होंने नहीं किया। ऐसे हमले पर प्रतिहमला स्वाभाविक था। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे हमले का आक्रामक और लोगों के दिलों को स्पर्श करने वाली भाषा शैली में प्रत्युत्तर देने में प्रवीण है। इसलिए उन्होंने कहा कि आज इंडिया गठबंधन के लोग, जो परिवारवाद, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, वह मुझसे मेरे परिवार के बारे में पूछते हैं, 14० करोड़ भारतीय ही मेरा परिवार है।

2०19 आम चुनाव के पहले से राहुल गांधी राफेल विमान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसी तरह निशाने पर ले रहे थे। उन्होंने 'चौकीदार चोर है' का नारा लगाया था। 'चौकीदार चोर है' के समानांतर प्रधानमंत्री ने 'मैं भी चौकीदार' का नारा दिया और देखते-देखते भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सोशल मीडिया पर मैं भी चौकीदार में अपना परिचय लिख दिया। राहुल गांधी और पूरे विपक्ष के लिए यह उल्टा पड़ गया।

प्रश्न है कि क्या 'मैं हूं मोदी का परिवार' नारा भी विपक्ष के लिए फिर उल्टा पड़ जाएगा? यह ऐसा भावनात्मक विषय है जो लोगों के दिलों पर सीधा असर डालता है। हमारे देश में अविवाहित रहकर यानी परिवार न बसा कर या परिवार का त्याग कर देश, समाज, धर्म की सेवा या आत्म साधना में जीवन लगाने वालों की बड़ी संख्या है। राजनीति में सभी विचारधाराओं में ऐसे लोग रहे हैं जिनका सम्मान समाज में हमेशा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार इस मामले में इसलिए शीर्ष पर हैं क्योंकि वहां जीवनदानी प्रचारकों की सबसे ज्यादा संख्या है।

समाजवादियों में भी ऐसे लोग रहे हैं। समाजवादी नेताओं ने भी अपने जीवन काल में वंशवाद और परिवारवाद को बड़ा मुद्दा बनाया, पर प्रत्युत्तर में इस तरह उनके परिवार न होने पर किसी ने प्रश्न नहीं उठाया। उठाया भी नहीं जाना चाहिए। मोदी आज प्रधानमंत्री हैं तो लगता है कि उनके पास सारे सुख साधन हैं और इसलिए हमला करने पर लोग प्रभावित हो जाएंगे। उन्होंने जब परिवार से अलग होकर संघ का प्रचारक बनकर अपनी विचारधारा के अनुरूप राष्ट्र सेवा का व्रत लिया होगा तो इसकी कल्पना नहीं रही होगी कि राजनीति में किसी समय में शीर्ष पर जा सकते हैं। उस समय जनसंघ या बाद में भाजपा की हैसियत इतनी बड़ी नहीं थी और जितनी थी उनमें बड़े कद के नेताओं की भी इतनी लंबी कतार थी कि देश एवं अनेक राज्यों की सत्ता में आने पर शीर्ष नेता होने का सपना संजोए जाए।

सैंकड़ों की संख्या में ऐसे जीवन दानी संघ परिवार के साथ-साथ अनेक गैर राजनीतिक राजनीतिक संगठनों में लोग पहले भी थे और आज भी हैं। या देश का दुर्भाग्य है कि हम राजनीतिक तू तू मैं मैं इस विषय को घसीटते हैं। वास्तव में आज पार्टियों में एक ही परिवार से निकले हुए लोगों के हाथों नेतृत्व और निर्णय की मुख्य कमान रहने राजनीति का सबसे बड़ा रोग बना हुआ है। इसके कारण योग्य, ईमानदार, सक्षम और समर्पित लोगों का उनकी क्षमता के अनुसार राजनीति में अवसर मिलना बाधित है।

व्यवस्था में ऐसे लोग भी परिवारवादी नेतृत्व के समक्ष नतमस्तक होकर हां-में-हां मिलाने और अपने को उनके साथ एडजस्ट करने को विवश हैं। ज्यादातर परिवारवादी नेतृत्व ने सत्ता का हर स्तर पर दुरु पयोग किया है। देख लीजिए इनमें ज्यादातर के परिवार या वे स्वयं भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। लालू प्रसाद यादव को तो चारा घोटाले के तीन मामलों में सजा भी मिल चुकी है। किसी राजनीतिक परिवार से अगली पीढ़ी का राजनीति में सक्रिय होना और परिवार के हाथों ही नेतृत्व सिमटे रहने में मूलभूत अंतर है।

परिवारवादी नेतृत्व वालों पर हमला होगा या उनकी आलोचना होगी तो निश्चित रूप से वे तिलमिलाएंगे। इसका उत्तर यह नहीं हो सकता जो लालू प्रसाद यादव जी ने दिया है। यह राजनीतिक विरोधियों की आलोचना के संदर्भ में स्थापित मर्यादाओं का दुर्भाग्यपूर्ण अतिक्रमण है। हालांकि लालू यादव के वक्तव्य का सही अर्थ समझना भी कठिन है। वे कहते हैं कि जिनके ज्यादा बच्चे हैं उन पर वह प्रश्न उठते हैं और कहते हैं कि परिवारवाद को बढ़ावा दे रहा है तो वह बताएं कि उनके परिवार क्यों नहीं है?

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तरीके से बता दिया कि उनका परिवार क्यों नहीं है। उनके पार्टी और समर्थकों ने बता दिया कि उनका एक बड़ा परिवार है। इसका लालू प्रसाद यादव और उनके समर्थकों के पास क्या उत्तर हो सकता है? जो उत्तर वह देंगे या दे रहे हैं क्या वह लोगों के अंतर्मन को वाकई छू पाएगा? कतई नहीं। सच यही है कि परिवारवादी नेतृत्व या परिवार के कारण योग्य अक्षम लोगों का राजनीति में प्रभावी होने जैसी दुष्प्रवृत्ति का कोई सकारात्मक उत्तर दिया ही नहीं जा सकता है। जिस मंच पर लालू जी ने प्रधानमंत्री पर हमला किया उसी से उन्होंने अपनी बेटी रोहिणी आचार्य को राजनीति में लॉन्च भी किया। लालू जी का मोदी पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है।

भाजपा समर्थक इस तरह के हमले को आसानी से सहन नहीं कर सकते। तो यह मोदी के साथ-साथ लाखों लोगों की भावनाओं को चोट पहुंचाने जैसा है जिसकी प्रतिक्रिया जगह-जगह दिखाई देनी स्वाभाविक है। जिस तरह 2०19 में जगह-जगह भाजपा के नेता, समर्थक और कार्यकर्ता 'मैं हूं चौकीदार' का नारा लगाते थे और आम लोग भी उनके साथ आ जाते थे; ठीक वही दृश्य इस चुनाव में आने वाले समय में दिखाई पड़ेगा। कार्यकर्ता लोगों के बीच जाएंगे और कहेंगे कि देखिए मोदी जी ने तो देश के लिए अपना जीवन लगा दिया। निन्संदेह इसका व्यापक और प्रभावी असर होगा।

## सू- दोकू क्र. 121

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.120का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# विश्व शांति और महिलाधिकार

बढ़ती हिंसा और बढ़ते डिजिटल लिंग विभाजन के कारण महिलाओं के अधिकार खतरे में हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए यह कहा।

दुनिया भर में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए समर्पित महत्त्वपूर्ण प्लेटफॉर्म, महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) के उद्घाटन अवसर पर गुतरेस ने महिलाओं पर युद्धों के असंगत प्रभाव की भी बात की।

उन्होंने तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता का आग्रह करते हुए कहा कि दुनिया भर के संघर्ष क्षेत्रों में महिलाएं और लड़कियां पुरुषों द्वारा छेड़े गए युद्धों से सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। गाजा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कथित तौर पर वहां इस्त्रइल की सैन्य कार्रवाइयों के दौरान हताहत दो-तिहाई से अधिक महिलाएं हैं। अफगानिस्तान और सूडान की महिलाओं की स्थिति और पुरुषों द्वारा नियंत्रित एल्गोरिदम जीवन के कई पहलुओं में पैदा होने वाली असमानता पर भी चर्चा की।

गुतरेस ने महिलाओं को सभी स्तरों पर डिजिटल प्रौद्योगिकी में निर्णय लेने की भूमिका मिलने की बात भी की। लैंगिक समानता हासिल करने के लिए संरचनात्मक बाधाओं को खत्म करने और महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं से रोकने पर विशेष जोर दिया। युद्धों और दुनिया भर जारी मार-काट से निपटने का काम महिलाएं बेहतर ढंग से कर सकती हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है।

सारी दुनिया में जारी युद्धों के मूल में पुरुष ही हैं, हालांकि वे युद्धों की बलि भी चढ़ रहे हैं जिसकी परोक्ष और अपरोक्ष तौर पर कीमत स्त्रियां ही चुका रही हैं। परिवारों से बिछडने़ वाले बच्चे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। युद्धों ने नौजवानों को भी नेस्त-नाबूत कर दिया है।

पीछे छूटी स्त्रियां नन्हें बच्चों को सीने से चिपटाए बेघर भटक रही हैं। बढ़ती वैश्विक हिंसा बच्चों समेत महिलाओं के अधिकारों को रौंदते हुए संक्रमण की तरह बढ़ती ही जा रही है। दुनिया भर के ताकतवर शीष्राधिकारियों के कानों में जूं रेंगती नहीं नजर आ रही।

यह सच है कि जब तक शीर्ष पदों पर और प्रौद्योगिकी पर लैंगिक समानता नहीं होगी, इसी तरह के आक्रामक/विभीषिका भरे निर्णयों से महिलाओं और बच्चों का जीवन खतरों से भरा रहेगा। पीड़ितों के बचाव और सुरक्षित जीवन के लिए जरूरी है कि महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित न रखा जाए। (आरएनएस)

# मडगांव एक्सप्रेस ने वसूल ली आधी से ज्यादा लागत




कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म, 'मडगांव एक्सप्रेस', पिछले माह रिलीज़ हुई थी. कॉमेडी-ड्रामा फिल्म अपनी जबरदस्त कहानी से दर्शकों के दिलों को छू गई है. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू फिल्में हैं. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक ओपनिंग की थी और इसके बाद इसने टिकट खिडकी पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली. सिनेमाघरों में मौजूद तमाम ले फिल्मों के बीच 'मडगांव एक्सप्रेस' करोड़ो में कमाई कर रही.

कॉमेडी, ट्विस्ट और मजेदार कंटेंटे वाली 'मडगांव एक्सप्रेस' एंटरटेनमेंट का फुल पैकेज साबित हो रही है. इसी के साथ फिल्म को वीकेंड ही नहीं बल्कि वीकडेज में भी खूब ऑडियंस मिल रही है. फिल्म की कमाई की बात करें तो 'मडगांव एक्सप्रेस' ने 1.5 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद दूसरे दिन फिल्म ने 83.33 फीसदी की तेजी के साथ 2.75 करोड़ की कमाई की. तीसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में 1.82 फीसदी का उछाल आया और इसने 2.8 करोड़ कमाए. वहीं चौथे दिन 'मडगांव एक्सप्रेस' ने 2.6 करोड़ का कारोबार किया और पांचवें दिन फिल्म ने 1.45 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मडगांव एक्सप्रेस' ने रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को 1.14 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'मडगांव एक्सप्रेस' का 6 दिनों का कुल कलेक्शन अब 12.24 करोड़ रुपए हो गया है.

'मडगांव एक्सप्रेस' का 22 मार्च को सिनेमाघरों में रणदीप हुड्डा की स्वातंर्त्य वीर सावरकर के साथ क्लैश हुआ था. फिल्म को सिनेमाघरों में पहले से मौजूद अजय देवगन की शैतान और सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा से भी कड़ा मुकाबला करना पड़ा. हालांकि इन तमाम फिल्मों की भीड़ के बीच भी 'मडगांव एक्सप्रेस' को थिएटर्स में दर्शक मिल रहे हैं. रिलीज के 6 दिनों में कॉमेडी ड्रामा फिल्म ने अपनी आधी से ज्यादा लागत वसूल कर ली है. बता दें कि ये फिल्म 2० करोड़ के बजट में बनी है और इसने 12 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है.

रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'मडगांव एक्सप्रेस'तो कुणाल खेमू ने लिखा भी है और डायरेक्ट भी किया है. मडगांव एक्सप्रेस में प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म बचपन के तीन दोस्तों की कहानी के ईर्द-गिर्द घूमती है.

# चोरी की ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ पकड़ा गया शातिर चोर

हमारे संवाददाता

चमोली। ट्रैक्टर-ट्राली चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से चोरी किया गया ट्रैक्टर ट्राली भी बरामद हुआ है।



जानकारी के अनुसार बीती 25 मार्च को अरविन्द थपलियाल पुत्र दिवाकर थपलियाल निवासी ग्राम ब्रह्मण थाला थाला बैंड थाना पोखरी जनपद चमोली हाल ठेकेदार टंगड़ी मल्ला जोशीमठ द्वारा कोतवाली जोशीमठ पर आकर तहरीर देकर बताया गया था कि उनका ग्राम टंगड़ी मल्ला जोशीमठ में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है और सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्राम टंगड़ी को जाने वाली निर्माणधीन सड़क के किनारे एक ट्रैक्टर ट्राली जिस पर पीले रंग का पेंट हुआ है सड़क निर्माण कार्य के लिए खड़ी की गयी थी, जो 9 व 10 मार्च की रात से वहां नहीं है। जिसे सभी जगह संभावित जगहों पर तलाश कर लिया लेकिन ट्रैक्टर ट्राली का कोई पता नहीं चल पा रहा है। सम्भवतः किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी।

चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने जब सीसी टीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि एक नीले रंग के फारमाट्रैक कंपनी के ट्रैक्टर में बैठे 2 व्यक्तियों के द्वारा दिनांक 9 व 10 मार्च की रात्रि को उक्त ट्रैक्टर पर एक पीले रंग की ट्रैक्टर ट्राली को जोड़कर पाखी चमोली की तरफ जाते हुए पाया गया। जब पुलिस द्वारा और कैमरे खंगाले गये तो पता चला कि उक्त ट्रैक्टर उत्तरप्रदेश रामपुर की तरफ जाता हुआ पाया गया साथ ही चालक द्वारा शातिराना तरीके से अपने चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था। हालांकि चालक के सिर में पगडी लगी होने के कारण उक्त व्यक्ति के सिख होने की संभावना को देखते हुए घटना स्थल के आसपास स्थानीय दुकानदारों व होटल धर्मशाला व ठहरने के स्थानों पर फुटेज को दिखाकर व सर्विलांस सेल चमोली के सहयोग से उक्त ट्रैक्टर ट्राली की चोरी की घटना गुरुवचन सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी जिवाई कदीम रामपुर उत्तर प्रदेश व सुरेंद्र सिंह पुत्र गुरुवचन सिंह के द्वारा की जानी पायी गयी एवं उक्त व्यक्तियों द्वारा सड़क निर्माण कार्य में हेलंग, उर्गम एवं वर्तमान में नन्दानगर घाट चमोली में अपने ट्रैक्टरों के साथ सड़क निर्माण कार्य करने की जानकारी प्राप्त हुयी। जिसके बाद पुलिस ने एक सूचना के बाद आरोपी सुरेंद्र सिंह पुत्र गुरुवचन सिंह को नन्दानगर घाट क्षेत्र चमोली से गिरफ्तार किया गया एवं चोरी की गयी ट्रैक्टर ट्राली मय घटना में प्रयुक्त फार्मट्रैक ट्रैक्टर नीले रंग का बरामद किया गया है तथा दूसरा आरोपी गुरुवचन सिंह अपने पते ग्राम जीवाई कदीम रामपुर से फरार चल रहा है। जिसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।





**सरकार की ढक्कन व्यवस्थाः** यह नजारा अभिषेक टावर और कनक चौक का है जहां एक ओर अभिषेक टावर पर ढक्कन को खोलकर साथ में बैरिकेड लगा दिया गया है वहीं दूसरी ओर कनक चौक पर ढक्कन के टूटने के बाद उसमें डंडा लगा दिया गया है, यह दोनों जगह सचिवालय से मात्र कुछ ही दूरी पर है।

# चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरेंद्र सिंह रावत पुत्र सुजान सिंह रावत निवासी ठाकुरपुर, प्रेमनगर, थाना राजपुर में अपनी मोटरसाईकिल चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।घटना के खुलासे के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा थानाध्यक्ष राजपुर को आवश्यक निर्देश दिये गये, जिसके क्रम में थाना राजपुर पर पुलिस टीमें गठित की गयी। गठित टीमो द्वारा घटनास्थल के आस पास व पुरकुल रोड पर करीब 155 सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया जिससे पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे जिसके चलते पुलिस ने आज घटना को अंजाम देने वाले राहुल पुत्र कांटा लाल निवासी सेतसपुर कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल, को बाला सुंदरी मंदिर के पास, कैनाल रोड से चोरी की गयी मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



# शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने घराट के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 54 पव्वे शराब के बरामद कर लिये।

पूछताछ में उसने अपना नाम नन्द किशोर पुत्र प्यारे लाल निवासी बडकोट बताया। वहीं नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने मोहकमपुर फ्लाईओवर के पास से एक युवक को 52 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम रोशन कुमार पुत्र रामजी यादव निवासी रिंग रोड जोगीवाला बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पीएम दें उत्तराखंड की जनता को 5 सवालों के जवाबः धस्माना

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने कहा कि प्रधानमंत्री अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड के पीछा वीआईपी कौन सहित पांच सवालों के जवाब जनता को दें।



आज यहां प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने देश के नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड आगमन से ठीक पहले प्रधानमंत्री से पांच सवाल पूछे हैं और आशा की है कि उत्तराखंड में वे अपनी जनसभा में उन सवालों का देश व उत्तराखंड की जनता को जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी की हत्या के पीछे वीवीआइपी कौन था तथा उत्तराखंड के भर्ती घोटाले के पीछे असली हाकिम कौन था। धस्माना ने पूछा कि उत्तराखंड के युवाओं के रोजगार पर कुठाराघात करने वाली अग्निपथ योजना का दोषी कौन था तथा उत्तरकाशी में बन रही सिलक्यारा टनल में एस्केप टनल न बनाने वाली नवयुग कम्पनी से इलेक्ट्रोल बांड से भाजपा ने चंदा लिया की नहीं? इसके साथ ही हिमालयी राज्यों में महिलाओं के प्रति हिंसा व अत्याचार में उत्तराखंड पहले पायदान पर इसका दोषी कौन? धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड की जनता ने नरेंद्र मोदी के कहने पर दो बार लगातार उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा के लोगों को वोट दे कर सांसद बनाया अब जनता तीसरी बार भी उनके कहने पर उनको वोट दे देगी अगर वे इन प्रश्नों का जवाब जनता को सार्वजनिक मंच से दे देंगे। वरना इस बार जनता परिवर्तन का मन बनाये बैठी है।

## मोदी की हुंकारः फिर एक बार मोदी सरकार...

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

देश को राजनीतिक अस्थिरता में झोंकना चाहते हैं। कांग्रेस देश को टुकड़े-टुकड़े करने की बात कर रही है जो कांग्रेसी नेता देश के टुकड़े करने की बात करते हैं उन्हें कांग्रेस टिकट दे रही है। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना की बात कहकर कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करने में जुटी है 2024 के लिए अब स्थिति साफ हो चुकी है। एक तरफ ईमानदार है और पारदर्शिता से काम करने वाले हैं और दूसरी तरफ भ्रष्टाचार करने वाले और भ्रष्टाचारियों को बचाने वाले तथा परिवार वाद को बढ़ावा देने वाले लोग हैं। वह लोग मोदी को गालियां दे रहे हैं मोदी को धमकियां दे रहे हैं लेकिन मोदी उनसे डरने वाला नहीं है क्योंकि मोदी को पता है उनके साथ आप सभी मोदी के परिवार के रूप में मेरे साथ साथ खड़े हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप सभी को पता है कि मोदी ने 10 सालों में क्या-क्या काम किया है उत्तराखंड में आपने 10 सालों में जो विकास देखा है वह तो महज ट्रेलर भर है अपने तीसरे टर्म में वह और भी बहुत बड़े-बड़े काम करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में उत्तराखंड के लोगों को 24 घंटे बिजली मिलेगी वह भी फ्री। उन्होंने पीएम सूर्य धार योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि आप अपने घरों की छतों पर सौर्य ऊर्जा पैनल लगाकर जो बिजली पैदा करेंगे उससे आपको अपनी जरूरत के लिए मुफ्त बिजली तो मिलेगी जो ज्यादा बिजली होगी उसकी सरकार खरीद करेगी और आपको पैसा देगी। इस योजना के लिए उनकी सरकार सब्सिडी दे रही है। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि मैने आपसे सैटेलाइट मेडिकल सेंटर खोलने की गारंटी दी थी बताओ इसे पूरा किया कि नहीं। मैनें केदारपुरी से कहा था कि आने वाला दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा विकास हुआ कि नहीं। आज सड़क रेल व हवाई सेवाओं से उत्तराखंड के लोगों को राहत मिली है कि नहीं। यह मोदी की गारंटी है जिसके पूरा होने की भी गारंटी है।

मोदी ने मंच से ऐलान किया कि उनके तीसरे टर्म में भ्रष्टाचारियों पर और अधिक जोरदार तरीके से प्रहार किया जाएगा यह भी मोदी की गारंटी है। देश को तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाना है। गरीबों को किसानों को महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाना है तो इस बार कांग्रेस को चुनाव मैदान से बाहर करना है और मोदी का सशक्त बनाने के लिए एक बार फिर राज्य की सभी पांचों सीटों पर भाजपा को भारी बहुमत के साथ जीताकर दिल्ली भेजना है यही प्रार्थना करने मैं आपसे आया हूं। एक बार फिर मोदी सरकार इस बार 4 जून को 400 पार।

## एक नजर

# बांदा जेल अधीक्षक को फोन पर मिली धमकी, 'अब तुझे ठोकना है, बच सके तो बच ले'

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जिस बांदा जेल के माफिया मुख्तार अंसारी बंद था, उसके वरिष्ठ अधीक्षक को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। मुख्तार अंसारी की कार्डियक अरेस्ट के बाद मौत होने के बाद यह धमकी दी गई है। इस मामले की शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने नंबर को सर्विलांस पर लेकर जाँच शुरू कर दी है। यह धमकी 28-29 मार्च 2024 को मुख्तार अंसारी की मौत की खबर की कुछ ही देर बाद दी गई थी। बांदा जेल के सुपरिटेंडेंट वीरेश राज शर्मा ने रविवार (31 मार्च 2024) को थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि 28-29 मार्च को रात लगभग 1:37 बजे उनके सरकारी नंबर पर एक अनजान नंबर से कॉल आई थी। उन्होंने बताया कि फोन उठाते ही कॉलर ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को गालियाँ देना और धमकाना शुरू कर दिया। अज्ञात कॉलर ने कहा, अब तुझे तो ठोकना है.. ., बच सके तो बच...! बकौल जेल सुपरिटेंडेंट, कॉलर ने अपना परिचय नहीं दिया। पूरी धमकी और गालियाँ महज 14 सेकेंड में दी गई और बाद में फोन काट दिया गया। वीरेश राज शर्मा ने शिकायत की कॉपी अपने विभाग के तमाम सीनियर अधिकारियों को भी भेजी है। शिकायत में दिए गए नंबर को सर्विलांस पर लगाकर उसकी लोकेशन और कॉलर की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।



# सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 9 नक्सली मारे गए

बीजापुर । छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों से एनकाउंटर में 9 नक्सली मारे गए हैं । मुठभेड़ में शामिल संयुक्त बल के जवानों ने मुठभेड़ में काफी संख्या में नक्सलियों के घायल होने का भी दावा किया है। नक्सलियों के शव के साथ इंसास, एलएमजी, एके 47 जैसे ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा एवं सीआरपीएफ की संयुक्त बल नक्सल उन्मूलन अभियान पर रवाना हुई थी और मंगलवार सुबह सुरक्षाबल के जवान सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान कोरचोली-लेंड्रा के जंगलों में पहुंचे। इसी दौरान गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली भाग खड़े हुए। मुठभेड़ खत्म होने के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने घटनास्थल का जायजा लिया। इस दौरान नौ नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। साथ ही इंसास, एलएमजी, एके 47 जैसे ऑटोमेटिक हथियार एवं बड़ी मात्रा में गोला बारूद सहित नक्सल सामग्री मौके से बरामद हुई है।



# भाजपा ईडी के जरिए 4 और नेताओं को गिरफ्तार करवाएगी: आतिशी

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार इसलिए किया गया क्योंकि उन्हें चुनाव में कैंपिंग करने से रोका जाए। उन्होंने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल सीएम पद से त्यागपत्र दे देते हैं, तो ये भाजपा के लिए श्एसओपीश होगी। ईडी के जरिए सभी विपक्षियों को गिरफ्तार करना और फिर कहना कि इस राज्य में संवैधानिक संकट पैदा हो गया, इससे भाजपा के लिए सबसे अच्छी बात ये है कि सरकार गिराना आसान हो जाता है। मंत्री ने ये भी कहा कि जिस तरह से कल यानी सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान ईडी ने उनका और सौरभ भारद्वाज का नाम लिया। इससे ये साफ है कि पहले वो नोटिस भेजेंगे और फिर गिरफ्तारी करेंगे। उन्होंने ये भी कहा, उनके घर और जानने वालों के यहां ईडी को भेजा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया कि भाजपा ईडी के जरिए चार और नेताओं को गिरफ्तार करवाएगी, जिसमें दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज, राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, दुर्गेश पाठक और उनका नाम शामिल है। भाजपा को लगता है कि अरविंद केजरीवाल के जेल में जाने से आम आदमी पार्टी बिखर जाएगी, टूट जाएगी, आम आदमी पार्टी नैतिक रूप से कमजोर हो जाएगी, क्योंकि आप के सभी बड़े नेता जेल में हैं। ईडी ने एक बयान के आधार पर उनका और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज का नाम लिया, जो ईडी और सीबीआई के पास करीब डेढ़ साल से मौजूद है, ये बयान ईडी और सीबीआई की चार्जशीट में भी है और कोर्ट में इसे उठाने का क्या कारण था।




# लक्सर के ग्रामीण इलाकों में त्रिवेंद्र के मेगा रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने लक्सर के ग्रामीण क्षेत्रों में मेगा रोड शो निकाला। रोड शो में ग्रामीण लोगों की उमड़ी भारी भीड ने भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र के विश्वास अधिक मतों के अंतर से जीत को सुनिश्चित किया।

आज यहां सुबह त्रिवेंद्र का गाड़ियों का काफिला लक्सर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ऐथल से शुरू हुआ। रोड शो के माध्यम से लक्सर के गांवों में करीब 45 किलोमीटर की दूरी तय कर हर एक गांव तक पहुँचने का प्रयास किया गया। रोड शो में ग्रामीणों का उत्साह जबरदस्त दिख रहा था। कार्यक्रम में एक बार फिर मोदी सरकार और 400 पार के नारे के साथ त्रिवेंद्र की जयकारों के नारे पूरे रोड शो में गूंजते रहे। इस दौरान कई जगह त्रिवेंद्र ने ग्रामीणों के बीच गांव में ही छोटी-छोटी जन सभाएं कर लोगों को बताया कि उनका एक-एक वोट विकसित भारत के निर्माण में कितना जरूरी है। भारत को विश्व का सिरमौर बनाने के लिए मोदी को फिर से प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनाना है। महायज्ञ में वोट के रूप में सबको सहयोग करने की जरूरत है। वोकल फोर लोकल के नारे



के साथ आज हमारे स्थानीय उत्पाद को वैश्विक दर्जा हासिल हो रहा है। आज उनके जैविक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। आज हम दस साल में अमेरिका चीन जैसे विकसित राष्ट्रों की बराबरी में खड़े हो गये हैं। आज देश के हर गरीब को घर, शौचालय, गैस कनेक्शन, पानी और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हो रहीं हैं।

उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम सभी को विकसित भारत के निर्माण में सहयोग करने का अवसर मिल रहा है इसलिए चुनाव में आप भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए स्वयं भी और गांव के अन्य लोगों को भी मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपना वोट कमल के निशान पर लगाने में सहयोग करें। मेगा रोड शो गांव ऐथल से शुरू होने के बाद डुंगरपुर, सेठपुर, सिघड़ु, चिड़ियापुर, मखियाली, मुबारिकपुर, मोहनपुर बुजुर्ग, डोसनी, रजवपुर हुसेनपुर होते हुए दोपहर एक बजे बहादरपुर खादर पहुंचा। उसके बाद बसेड़ी, केहड़ा, खडंजा, मुंडाखेड़ा कलां, अकोड़ा खुर्द, ओसपुर , इस्माईलपुर, प्रतापपुर, कंकर खाता, खानपुर, बाकरपुर होते हुए अपराह भिक्कमपुर पहुंचा। रोड शो फतवा गांव में शाम साढे चार बजे पूरा हुआ।

रोड शो में पूर्व विधायक संजय गुप्ता, श्यामवीर सैनी, अम्बरीष गर्ग, हर्ष दौलत, अजय वर्मा, मनीष आदि मौजूद रहे।

## मारपीट करने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टिचर्स कालोनी गोविन्द गढ निवासी सापेक्ष शर्मा ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने घर के बाहर खडा था तभी वहां पर मौहल्ले के ही जयपाल, सुनहरी व कुलदीप आ गये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने जब गाली गलौच का विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब आसपास के लोग उसको छुडाने के लिए आये तो वह उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दो मोटरसाईकिलें चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने दो स्थानों से दो मोटरसाईकिलें चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुक्खुवाला निवासी जुगल किशोर अहूजा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल जैन मन्दिर के पास खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस गया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं ठाकुरपुर निवासी विरेन्द्र सिंह रावत ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से चन्द्रोटी आया था तथा उसने अपनी मोटरसाईकिल चन्द्रोटी पुल के पास खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी।

# लड़की को लेकर अस्पताल में घुसे युवक ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें दिख रहा है कि कुछ युवक एक अस्पताल में घुसकर चिकित्सक और अन्य स्टाफ के साथ जमकर मार-पीट कर रहे हैं। यह घटना हरिद्वार के बहादराबाद स्थित एक निजी चिकित्सालय की बताई जा रही है। मार-पीट में घायल चिकित्सक और एक स्टाफ को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बहादराबाद के एक निजी अस्पताल में तड़के तीन बजे एक युवक एक लड़की के साथ पहुंचा। लड़की के हाथ पर कट लगा हुआ था। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सा टीम ने उपचार शुरू करते हुए युवक को पर्चा बनाने को कहा। लेकिन, युवक ने पर्चा बनाने से इन्कार कर दिया। वहीं, किसी बात को लेकर युवक और युवती में बहस हो गई। चिकित्सक ने उन्हें शोर न करने और बाहर जाकर बात करने के निर्देश दिए। इस पर युवक गुस्से में बाहर निकल गया। युवक की पहचान शिवा भटनागर के रूप में किया जाना बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि युवती उसे कन्नू नाम से बुला रही थी।

अस्पताल स्टाफ को लगा कि युवक पर्चा बनाने के लिए बाहर गया है। लेकिन, तभी वह तीन-चार युवकों के साथ वापस आया और डॉक्टर को पीटने लगा। बीच-बचाव को आए एक चिकित्सा स्टाफ की भी जमकर पिटाई की गई। करीब डेढ़ मिनट तक अस्पताल में मारपीट करने के बाद युवक चले गए। अस्पताल की इमरजेंसी में चिकित्सा टीम के साथ हुई इस अभद्रता ने हरिद्वार के बाहरी क्षेत्रों में बढ़ती जा रही गुंडागर्दी की नुमाइश भी पेश की है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*